**भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण**
**(सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय)**

भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (भाराराप्रा) उसे सौंपे गए राष्ट्रीय राजमार्गों के विकास, अनुरक्षण और प्रबंधन तथा उससे संबंधित या उसके आनुषंगिक मामलों के लिए उत्तरदायी है।

2. भाराराप्रा मुख्यालय में आईसीटी परियोजना निगरानी इकाई हेतु निम्नलिखित पदों पर संविदा आधार पर पेशेवरों की सेवाएँ लेने का प्रस्ताव है। पदों का विवरण और नियम व शर्तें तथा नियुक्ति की अवधि, पात्रता, अनुभव आदि निम्नानुसार हैं:-

| **क्र.सं.** | **पद का नाम** | **पदों की संख्या*** |
|---|---|---|
| 1. | संयुक्त सलाहकार (प्रोडक्ट मैनेजमेंट) | 01 |
| 2. | सहायक सलाहकार (डेटा साइंटिस्ट) | 01 |

*पदों की संख्या बढ़ या घट सकती है।

**पात्रता शर्तों का विवरण**

**1. संयुक्त सलाहकार (प्रोडक्ट मैनेजमेंट)**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | पदनाम | संयुक्त सलाहकार (प्रोडक्ट मैनेजमेंट) |
| 2 | पदों की संख्या | एक (01) |
| 3 | भर्ती का तरीका | संविदा आधार पर |
| 4 | संविदा की अवधि | पूर्णकालिक संविदा आधार पर प्रारंभ में 02 वर्ष की अवधि के लिए, जिसे भाराराप्रा की ईपी/वाईपी नीति के अनुसार सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से, कार्य निष्पादन मूल्यांकन के आधार पर बढ़ाया जा सकता है। |
| **5** | मासिक पारिश्रमिक बैंड (रु.) | रु. 1,50,000 - 1,81,000 /- (सभी सम्मिलित) |
| **6** | यात्रा भत्ता/दैनिक भत्ता | कार्यभार ग्रहण करने या पूर्ण होने पर कोई यात्रा भत्ता/दैनिक भत्ता देय नहीं होगा। यद्‌यपि, संयुक्त सलाहकारों को आधिकारिक कार्य से देश के अंदर यात्रा के लिए यात्रा भत्ता/दैनिक भत्ता और होटल आवास की सुविधा भाराराप्रा में प्रबंधक स्तर के अधिकारियों को दी जाने वाली दरों |

| | | |
|---|---|---|
| | | के समान ही दी जाएगी। |
| **7** | शैक्षणिक योग्यता | मूलभूत योग्यता: किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से विज्ञान/प्रौद्योगिकी/इंजीनियरिंग/व्यवसाय प्रबंधन या संबंधित क्षेत्रों में स्नातक की डिग्री।<br>वांछनीय योग्यता: किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से विज्ञान/प्रौद्योगिकी/इंजीनियरिंग/व्यवसाय प्रबंधन या संबंधित क्षेत्रों में स्नातकोत्तर की डिग्री। |
| 8 | आयु सीमा | ऑनलाइन आवेदन प्राप्त होने की निर्धारित तिथि को आयु 48 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। |
| 9. | अनुभव | अनुभव:<br>(क) उत्पाद प्रबंधन में न्यूनतम 5 वर्ष का अनुभव, जिसमें केपीआई, आवश्यकताएँ, यूएक्स का प्रबंधन और तकनीकी टीमों व व्यावसायिक हितधारकों के साथ सीधा समन्वय शामिल है।<br>(ख) एसडीएलसी लाइफ साइकल्स (स्क्रम या एजाइल) और कार्य प्रबंधन सॉफ़्टवेयर (जिरा या गिटहब) में अनुभव होना चाहिए।<br>(ग) उत्पाद-स्तरीय डेटा विश्लेषण,यूज़र एंगेजमेंट, फ़ीडबैक, केपीआई की सेटिंग आदि का अनुभव।<br>(घ) आईटी का उपयोग करके प्रक्रियाओं की री-इंजीनियरिंग और मॉक-अप, डिज़ाइन किए गए कार्य-प्रवाह में प्रदर्शित अनुभव।<br>(ङ) सॉफ़्टवेयर डेवलपमेंट में टीम लीडर के रूप में पूर्व अनुभव को प्राथमिकता दी जाएगी।<br>**विशिष्ट अनुभव (यदि कोई हो):**<br>आईटी विभाग द्वारा उभरती आवश्यकता के अनुसार मामला-दर-मामला आधार पर निर्णय लिया जाएगा। |
| 10. | कार्य विवरण | क) भाराराप्रा को उसकी मुख्य आईटी प्रणालियों (डेटा लेक और अन्य पूरक या एकीकृत प्रणालियाँ) के प्रबंधन में सहायता प्रदान करना। व्यावसायिक आवश्यकताओं को समझना और आवश्यकतानुसार तकनीकी जानकारी प्रदान करना।<br><br>ख) आईटी सक्षम उत्पादों/सेवाओं की रूपरेखा तैयार करना, विकास को मॉनिटर करना जैसे: |

| | | |
|---|---|---|
| | | i. राजमार्ग आपात स्थितियों के लिए घटना प्रतिक्रिया प्रबंधन प्रणाली<br><br>ii. राजमार्ग यात्रा ऐप- राजमार्ग उपयोगकर्ताओं के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग से संबंधित प्रतिक्रिया और शिकायतों हेतु नागरिक इंटरफ़ेस<br><br>**iii. योजना और निगरानी के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का जीआईएस आधारित पोर्टल**<br><br>ग) मौजूदा ऑफ़लाइन प्रक्रियाओं को पुनः डिज़ाइन करके और उन्हें ऑनलाइन और निर्बाध बनाकर भाराराप्रा को उसकी डिजिटलीकरण यात्रा में सहायता प्रदान करना। उभरती प्रौद्योगिकियों और बीआई के उपयोग के लिए रोड मैप, रोल-आउट योजनाएँ आदि तैयार करना ताकि निर्णय सहायता प्रणाली को मज़बूत किया जा सके।<br><br>घ) भाराराप्रा के आईटी सिस्टम/मोबाइल ऐप के कामकाज पर बॉटम-अप फीडबैक/अंतिम उपयोगकर्ता अपेक्षाएँ एकत्र करने के लिए उपयोगकर्ता साक्षात्कार और सर्वेक्षण आयोजित करना। एजाइल मॉडल पर सिस्टम को डिज़ाइन तथा रोल-आउट करने और ऐसी पहलों के लिए एसडीएलसी को प्राथमिकता देने में भाराराप्रा की सहायता करना।<br><br>ङ) प्रकार्यात्मक आवश्यकताओं, यूआई/यूएक्स वायरफ्रेम, मौजूदा और नई आवश्यकताओं के लिए वर्कफ़्लो को अंतिम रूप देना और उसकी प्रभावशीलता की जाँच करना।<br>च) पर्यवेक्षी सेवाएँ प्रदान करने और विक्रेताओं के साथ संविदा प्रबंधन में भाराराप्रा की सहायता करने के लिए आईटी विक्रेताओं और डाउनस्ट्रीम भाराराप्रा समकक्षों के साथ संपर्क स्थापित करना। भाराराप्रा आईटी प्रणालियों के उपयोग की निगरानी करना और विक्रेता प्रबंधन के लिए केपीआई तैयार करना।<br>छ) यह सुनिश्चित करने के लिए कि यह ग्राहक, व्यवसाय और अनुपालन आवश्यकताओं को पूरा करता है, सॉफ़्टवेयर कलाकृतियों की समीक्षा और अनुमोदन करना।<br>ज) समाधानों और संकल्पों की तीव्र प्रदायगी के लिए उच्च स्तरीय |

| | | |
|---|---|---|
| | | अधिकारियों और अन्य संगठनों के हितधारकों के साथ समन्वय करना।<br><br>झ) कार्यकाल के दौरान भाराराप्रा द्वारा सौंपी गई कोई अन्य ज़िम्मेदारी। |

**2. सहायक सलाहकार (डेटा साइंटिस्ट)**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | पदनाम | सहायक सलाहकार (डेटा साइंटिस्ट) |
| 2 | पदों की संख्या | एक (01) |
| 3 | भर्ती का तरीका | संविदा आधार पर |
| 4 | संविदा की अवधि | पूर्णकालिक संविदा आधार पर प्रारंभ में 02 वर्ष की अवधि के लिए, जिसे भाराराप्रा की ईपी/वाईपी नीति के अनुसार सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से, कार्य निष्पादन मूल्यांकन के आधार पर बढ़ाया जा सकता है। |
| 5 | मासिक पारिश्रमिक बैंड (रु.) | रु. 1,10,000 - 1,32,000 /- (सभी सम्मिलित) |
| 6 | यात्रा भत्ता/दैनिक भत्ता | कार्यभार ग्रहण करने या पूर्ण होने पर कोई यात्रा भत्ता/दैनिक भत्ता देय नहीं होगा। |
| 7 | शैक्षणिक योग्यता | **मूलभूत योग्यता:** किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से विज्ञान/प्रौद्योगिकी/इंजीनियरिंग/गणित/सांख्यिकी में स्नातक की डिग्री।<br>**वांछनीय योग्यता:** किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से विज्ञान/प्रौद्योगिकी/इंजीनियरिंग/गणित/सांख्यिकी/व्यवसाय प्रबंधन में स्नातकोत्तर की डिग्री। |
| 8 | आयु सीमा | ऑनलाइन आवेदन प्राप्त होने की निर्धारित तिथि को आयु 35 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। |
| 9 | अनुभव | **अनुभव:**<br>(क) डेटा साइंस, बड़े डेटा सेट के साथ एनालिटिक्स में न्यूनतम 02 वर्ष का अनुभव और एसक्यूएल में दक्षता और पायथन में विश्लेषण करने में गहन दक्षता।<br>(ख) बीआई समाधानों (पावर बीआई, टेबलो आदि) के माध्यम से विज़ुअलाइज़ेशन और डैशबोर्ड बनाने का व्यावसायिक अनुभव।<br>(ग) मशीन लर्निंग, ऑप्टिमाइज़ेशन, एनएलपी, जीआईएस, नेटवर्क |

| | | |
|---|---|---|
| | | विश्लेषण जैसी एल्गोरिथम तकनीकों के उपयोग की मूलभूत समझ या प्रमाणित अनुभव को प्राथमिकता दी जाएगी।<br>**विशिष्ट अनुभव (यदि कोई हो):** आईटी विभाग द्वारा उभरती आवश्यकता के अनुसार मामला-दर-मामला आधार पर निर्णय लिया जाएगा। |
| 10 | कार्य विवरण | क) भाराराप्रा को उसकी मुख्य आईटी प्रणालियों (डेटा लेक और अन्य पूरक या एकीकृत प्रणालियाँ) के प्रबंधन में सहायता प्रदान करना। व्यावसायिक आवश्यकताओं को समझना और आवश्यकतानुसार तकनीकी जानकारी प्रदान करना।<br>ख) आईटी सक्षम उत्पादों/सेवाओं के विकास की रूपरेखा तैयार करना, जैसे:<br>i. राजमार्ग आपात स्थितियों के लिए घटना प्रतिक्रिया प्रबंधन प्रणाली<br>ii. राजमार्ग यात्रा ऐप- राजमार्ग उपयोगकर्ताओं के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग से संबंधित प्रतिक्रिया और शिकायतों हेतु नागरिक इंटरफ़ेस।<br>iii. योजना और निगरानी के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का जीआईएस आधारित पोर्टल।<br><br>ग) मौजूदा ऑफ़लाइन प्रक्रियाओं को पुनः डिज़ाइन करके और उन्हें ऑनलाइन और निर्बाध बनाकर भाराराप्रा को उसकी डिजिटलीकरण यात्रा में सहायता प्रदान करना। उभरती प्रौद्योगिकियों और बीएल के उपयोग के लिए रोड मैप, रोल-आउट योजनाएँ आदि तैयार करना ताकि निर्णय समर्थन प्रणाली को मजबूत किया जा सके।<br><br>घ) भाराराप्रा के आईटी सिस्टम/मोबाइल ऐप के कामकाज पर बॉटम-अप फीडबैक/अंतिम उपयोगकर्ता अपेक्षाएँ एकत्र करने के लिए उपयोगकर्ता साक्षात्कार और सर्वेक्षण आयोजित करना। एजाइल मॉडल पर सिस्टम डिज़ाइन और रोल-आउट करने और ऐसी पहलों के लिए एसडीएलसी को प्राथमिकता देने में भाराराप्रा का समर्थन करना।<br><br>ङ) कार्यात्मक आवश्यकताओं, यूआई/यूएक्स वायरफ्रेम, मौजूदा और नई आवश्यकताओं के लिए वर्कफ़्लो को अंतिम रूप देना और उसकी प्रभावशीलता की जाँच करना। |

| | | |
|---|---|---|
| | | च) पर्यवेक्षी सेवाएँ प्रदान करने और विक्रेताओं के साथ संविदा प्रबंधन में भाराराप्रा की सहायता करने के लिए आईटी विक्रेताओं और डाउनस्ट्रीम भाराराप्रा समकक्षों के साथ संपर्क स्थापित करना। भाराराप्रा आईटी प्रणालियों के उपयोग की निगरानी करना और विक्रेता प्रबंधन के लिए केपीआई तैयार करना।<br>छ) ग्राहक, व्यवसाय और अनुपालन आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए सॉफ़्टवेयर आर्टिफ़ेक्ट्स की समीक्षा और अनुमोदन करना।<br>ज) समाधानों और संकल्पों की तीव्र प्रदायगी के लिए उच्च स्तरीय अधिकारियों और अन्य संगठनों के हितधारकों के साथ समन्वय करना।<br>झ) कार्यकाल के दौरान भाराराप्रा द्वारा सौंपी गई कोई अन्य ज़िम्मेदारी। |

नियुक्ति के अन्य नियम एवं शर्तें बाहरी पेशेवरों और युवा पेशेवरों की नियुक्ति के लिए समय-समय पर संशोधित भाराराप्रा नीति दिशानिर्देश संख्या 1.3.1.37/2024 दिनांक 06.08.2024 के अनुसार होंगी। नीति दिशानिर्देश विज्ञापन के साथ संलग्न हैं।

**भाराराप्रा को बिना कोई कारण बताए, किसी भी समय संविदा समाप्त करने का अधिकार होगा।**

**आवेदन जमा करना:** आवेदन केवल ऑनलाइन ही जमा किए जाने हैं। ऑनलाइन आवेदन भरने के लिए अपनाई जाने वाली प्रक्रिया ऑनलाइन आवेदन पोर्टल में दी गई है, जिसे http://www.nhai.gov.in पर एक्सेस किया जा सकता है। पात्र उम्मीदवार भाराराप्रा की वेबसाइट पर दिए गए लिंक पर **05.10.2025 तक (शाम 6.00 बजे तक)** ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

******************************************